**प्रो. नीरज राठौर ने सुनियोजित साजिश और धोखाधड़ी कर जनजातीय विवि की गरिमा को पहुंचाई क्षति**

# पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया में की गई नियमों की अवहेलना

**अनुपपुर, नवभारत 20 अगस्त।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय अमरकंटक में पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया में नियमों की अवहेलना की गई। पीएचडी में प्रवेश हेतु यूजीसी रेगुलेशन के अनुसार दो प्रकार से भर्ती हुई, जिसमें एक रिसर्च एंट्रेंस टेस्ट के माध्यम से तथा दूसरा नेट, जेआरएफ के माध्यम से हुआ है। इसमें नेट जेआरएफ गेट के लिए छूट दी गई थी, उसी का फायदा उठाते हुए प्रो. नीरज राठौर ने सुनियोजित साजिश रचते हुए न केवल प्रवेश नियमों की अवहेलना की, बल्कि धोखाधड़ी और कदाचार कर संस्थान की गरिमा को गम्भीर रूप से क्षति पहुंचाई है।

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी रजनीश त्रिपाठी ने अधिकृत बयान जारी करते हुए बताया कि विगत कई वर्षों से विवि में पीएचडी में प्रवेश हेतु रिसर्च एंट्रेंस टेस्ट नहीं हो रहा था, जिसको लेकर विभाग के प्रोफेसर तथा स्थानीय युवा व छात्र इसकी मांग लगातार कर रहे थे। स्थानीय युवाओं और शोध की



आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन ने छात्रहीत में रिसर्च एंट्रेंस टेस्ट करवाने का फैसला लिया तथा एंट्रेंस टेस्ट सफलतापूर्वक हुआ। 33 डिपार्टमेंट में लगभग 400 छात्रों ने पीएचडी में प्रवेश लिया है।

### प्रो. राठौर ने गलत दस्तावेजों को सही घोषित किया

उन्होंने बताया कि प्रवेश प्रक्रिया की प्रारम्भिक जांच के दौरान पाया गया कि प्रो. राठौर ने अभ्यर्थी अनरन्य यादव का 2008 में समाप्त हो चुके गेट प्रमाण पत्र को जानबूझकर वैध बताकर सत्यापित किया और उसे प्रवेश प्रक्रिया में सम्मिलित कराया। यह कार्य पूर्णत: अवैध एवं षड़यंत्रपूर्ण था। यह भी सामने आया कि प्रो. राठौर और उक्त अभ्यर्थी दोनों ने एक ही समय पर थापर विश्वविद्यालय, पटियाला से शिक्षा प्राप्त की थी और प्रो. राठौर ने अपने पुराने परिचित को लाभ पहुंचाने हेतु अपने पद का दुरुपयोग किया। उन्होंने पात्रता मानदंडों को दरकिनार कर धोखाधड़ी से गलत दस्तावेजों को सही घोषित किया और प्रवेश की औपचारिकताओं को गुमराह करने का कार्य किया।

### फर्जी मेरीट सूची तैयार की

प्रो. राठौर ने एक अयोग्य अभ्यर्थी को 80 अंक देकर फर्जी मेरीट सूची तैयार की और उसे सामान्य वर्ग श्रेणी में शीर्ष स्थान पर घोषित किया। इस प्रकार योग्य अभ्यर्थियों चिराग तिवारी तथा प्रशांत अग्रवाल का न्यायोचित अवसर छीन लिया गया। जब यह षड्यंत्र उजागर हुआ और फर्जी परिणाम निरस्त कर सही अभ्यर्थियों के परिणाम घोषित किए गए, तब प्रो. राठौर ने अनरन्या यादव के साथ मिलकर झूठी शिकायतें दर्ज कर विश्वविद्यालय पर दबाव बनाने का प्रयास किया। साथ ही, साइबर अपराध के माध्यम से भ्रामक ईमेल और गलत प्रचार-प्रसार कर विश्वविद्यालय की छवि को नुकसान पहुंचाया।

### समिति अनियमितताओं की जांच कर रही है


इस मामले में विवि प्रशासन के कार्यालय आदेश के तहत गठित समिति गंभीर अनियमितताओं की जांच कर रही है। जांच में अपराध प्रमाणित होने की स्थिति देखते हुए अनैतिक तरीके से अपने आप को बचाने के लिए प्रो. नीरज अनर्गल बयानबाजी और झूठी शिकायत कर रहे हैं, जिसकी विश्वविद्यालय निंदा करता है। प्रो नीरज राठौर ने झूठ और बेबुनियाद आरोप विश्वविद्यालय के एक वरिष्ठ प्रोफेसर पर लगाया है, जो बिल्कुल निराधार और पूर्णत: असत्य है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव द्वारा ईमेल से फर्जीवाडा करने के मामले में एफआईआर दर्ज करने के लिए पुलिस अधीक्षक को पत्र भेजा जा चुका है।

## नाबालिग बालिका को किया दस्तयाब

**अनूपपुर, नवभारत 20 अगस्त।** पुलिस अधीक्षक मोती उर्र रहमान के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मो. इसरार मन्सूरी एवं एसडीओपी कोतमा आरती शाक्य के मार्गदर्शन में थाना बिजुरी पुलिस ने अपहृत नाबालिग बालिका को दस्तयाब कर उसके माता-पिता को सुपुर्द कर दिया है। बालिका की सुरक्षित वापसी से परिजनों ने प्रसन्नता व्यक्त की। अपहरणकर्ता को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। 29 जुलाई को फरियादि ने थाना बिजुरी में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी नाबालिग पुत्री को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर भगा ले गया है। पुलिस ने मामला पंजीबद्ध कर जांच प्रारंभ की। अनुसंधान के दौरान 19 अगस्त को बिजुरी पुलिस ने नाबालिग बालिका को अमलाई से दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया।

### पड़ोसी युवक ने शादी का झांसा देकर जम्मू बुलाया था

बालिका के कथन अनुसार पड़ोस में रहने वाला दुर्गेश कोल ने मोबाइल फोन से शादी का झांसा देकर जम्मू बुलाया और करीब एक माह तक अपने साथ रखा। बालिका एवं उसकी मां के कथन के आधार पर पाया गया कि आरोपी ने बिना अभिभावक की अनुमति के नाबालिग को शादी के लिए बहलाकर अपने साथ रखा। इस पर प्रकरण में धारा 87 बीएनएस का इजाफा कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।





# पिस्टल से फायरिंग का आरोपी गिरफ्तार

**बिजुरी पुलिस ने घटना के 6 घंटे के अंदर ही सफलता हासिल की**

**अनूपपुर, नवभारत 20 अगस्त।** पुलिस अधीक्षक मोती उर्र रहमान के निर्देश पर गंभीर अपराधों पर त्वरित कार्रवाई की कड़ी में बिजुरी पुलिस ने मात्र 6 घंटे के भीतर फायरिंग करने वाले आरोपी को दबोच लिया।

घटना 19 अगस्त की है, जब थाना क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 06 माइनस कॉलोनी बिजुरी में गोली चलने की सूचना पुलिस को प्राप्त हुई। फरियादी अफरोज अली ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी बिरयानी की दुकान के पास आरोपी कृष केवट आया और उसके छोटे भाई सरफराज उर्फ बाबू को बुलाकर अवैध पिस्टल दिखाने लगा। इस दौरान आरोपी की लापरवाही से पिस्टल से गोली चल गई, जो सरफराज को लग गई। सरफराज को गंभीर चोट आई। उसे तत्काल उपचार हेतु मनेन्द्रगढ़ छग अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### आरोपी पर पहले से कई प्रकरण दर्ज है

इस घटना पर थाना बिजुरी में बीएनएस की धारा 125, 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई एवं त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी कृष केवट को गिरफ्तार करते हुए घटना में प्रयुक्त देशी पिस्टल और 1 जिंदा कारतूस बरामद किया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपराध स्वीकार किया। आरोपी के विरुद्ध पहले से भी कई आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं।

# अधिकारियों को पोर्टल में प्रविष्टि की प्रक्रिया बताई



**पंचायत उन्नत सूचकांक पोर्टल प्रविष्टि पर प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित**

**अनूपपुर, नवभारत 20 अगस्त।** ग्राम पंचायतों के समग्र विकास के प्रदर्शन मापन के रूप में पीएआई 2.0 पंचायत उन्नत सूचकांक के सफल क्रियान्वयन हेतु भारत सरकार के निर्देशानुसार एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन जिला पंचायत सभागार अनूपपुर में किया गया।

कार्यशाला में जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी केके सोनी, जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, विभिन्न विकास विभागों के अधिकारी, एसआईआरडी जबलपुर के प्रशिक्षक तथा जिला इकाई के अधिकारी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के दौरान विषय विशेषज्ञों ने सूचकांकों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

### शासन के दिशा-निर्देशों से अवगत कराया

पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से विभागीय अधिकारियों को शासन के दिशा-निर्देशों से अवगत कराया गया तथा कार्यों की मॉनिटरिंग, पोर्टल में प्रविष्टि आदि की प्रक्रिया समझाई गई। कार्यशाला में जिले की सभी पंचायतों की रैंकिंग स्थिति, थीमवार प्राप्तांक तथा कमियों का विश्लेषण किया गया। साथ ही आगामी पीएआई 2.0 प्रविष्टि के लिए पूर्व तैयारी पर भी विस्तृत चर्चा की गई।

## कमलेश मिश्रा श्रमजीवी पत्रकार परिषद के प्रदेश सहसचिव नियुक्त

**अनूपपुर, नवभारत 20 अगस्त।**



राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद की प्रदेश इकाई में कमलेश मिश्रा को प्रदेश सहसचिव नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति राष्ट्रीय संयोजक नलिन कांत वाजपेयी, राष्ट्रीय अध्यक्ष परमानंद तिवारी की अनुमति एवं राष्ट्रीय मुख्य महासचिव रजत गुप्ता, प्रदेश अध्यक्ष राजेश दुबे की स्वीकृति तथा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं संभाग प्रभारी राजेश शुक्ला की अनुशंसा पर प्रदेश मुख्य महासचिव विलोक पाठक द्वारा की गई है। इनकी नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू मानी जाएगी। कमलेश मिश्रा की नियुक्ति पर श्रमजीवी पत्रकार परिषद के शहडोल एवं अनूपपुर जिले की कार्यकारिणी सहित संभागीय एवं जिला स्तर के पदाधिकारियों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं।



# सिद्ध गणेश अभियान आस्था से जुड़ा है : गर्ग

**कोतमा में मिट्टी से गणेश प्रतिमा बनाने का दिया गया प्रशिक्षण**

**अनूपपुर, नवभारत 20 अगस्त।** जन अभियान परिषद द्वारा माटी गणेश, सिद्ध गणेश अभियान के अंतर्गत आज जनपद सभागार कोतमा में लोगों को मिट्टी से गणेश प्रतिमा बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में समाजसेवी हनुमान गर्ग, जन अभियान परिषद के विकासखण्ड समन्वयक सरिमन साकेत, परिषद की नवांकुर संस्था प्रस्फुटन समिति के सदस्य, सीएमसीएलडीपी छात्र-छात्राएं तथा अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समाजसेवी हनुमान गर्ग ने कहा कि माटी गणेश, सिद्ध गणेश अभियान आस्था से जुड़ा हुआ है और इससे स्वरोजगार के अवसर भी उत्पन्न होंगे। वहीं विकासखण्ड समन्वयक सरिमन साकेत ने लोगों से अपील की कि वे इस अभियान को अधिक से अधिक सफल बनाएं और केमिकल व प्लास्टर ऑफ पेरिस से बनी मूर्तियों का उपयोग न करें, ताकि पर्यावरण व प्राकृतिक संपदा सुरक्षित रह सके।

## नवनियुक्त कांग्रेस जिला अध्यक्ष गुड्डू चौहान का आगमन आज

**अनूपपुर, नवभारत 20 अगस्त।**



अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने अनूपपुर जिले की कमान वरिष्ठ कांग्रेसी नेता श्याम कुमार (गुड्डू चौहान) को सौंपी है। उनके मनोनयन में मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं वरिष्ठ नेता उमंग सिंगार की सहमति रही है। जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यालय मंत्री पं. सत्येंद्र दुबे ने बताया कि नव-निर्वाचित जिला अध्यक्ष गुड्डू चौहान का प्रथम नगर आगमन 21 अगस्त गुरुवार को प्रात: 10.30 बजे इंदौर-बिलासपुर नर्मदा एक्सप्रेस से होगा। इस अवसर पर उनका स्वागत समारोह जिला कांग्रेस कार्यालय, एसबीआई रोड अनूपपुर में आयोजित किया जाएगा।



# पुलिस ने पकड़े दो फरार आरोपी

**लंबे समय से जारी था स्थाई गिरफ्तारी वारंट**

**अनूपपुर, नवभारत 20 अगस्त।** पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर रहमान के निर्देशन में थाना कोतवाली पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे दो स्थाई गिरफ्तारी वारंटियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, अनूपपुर द्वारा आरोपी रामकरण बैगा के विरुद्ध धारा 279, 337, 338 भारतीय दंड संहिता के तहत स्थाई गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। इसी प्रकार, आरोपी राज वंशकार के विरुद्ध धारा 294, 323, 327, 506 भारतीय दंड संहिता में स्थाई गिरफ्तारी वारंट लंबित था। थाना प्रभारी कोतवाली अरविंद जैन के नेतृत्व में गठित टीम ने बुधवार की सुबह कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। न्यायालय के आदेशानुसार दोनों को जेल भेज दिया गया है।

# पत्रकारों ने एसपी का स्वागत कर दी बधाई

**कोतमा नवभारत 20 अगस्त।** जिले के पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान को राष्ट्रपति वीरता पुरस्कार से सम्मानित किया जाना पूरे अनूपपुर जिले को गौरवान्वित करने वाला है। जिले में मोती उर रहमान की पद स्थापना के बाद से ही अपराधियों में हड़कंप मचा हुआ है। जुए, सट्टे जैसे सामाजिक अपराधों में लगभग लगाम लग चुकी है। दूसरी तरफ पशु तस्करी जो कि नासूर बन गई थी, जिसे एसपी ने लगभग खत्म कर दिया है। जिले के पुलिस अधीक्षक की कार्यशैली ने पशु तस्करों की कमर तोड़ कर रख दी है।

### एसपी ने अपने अनुभव साझा किए

पत्रकार साथी आदर्श दुबे सीताराम पटेल रवि ओझा,




बिलाल अहमद, रामभुवन गौतम एवं दीपेश जैन ने अनूपपुर जिले के पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर मोती उर रहमान को गुलदस्ता भेंट कर उनकी उपलब्धि पर मिले सम्मान पर उन्हें बधाई दी। पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान ने पत्रकारों से अपना अनुभव साझा करते हुए बताया कि नक्सली क्षेत्र में किसी भी मिशन के दौरान सबसे पहले हमारा प्रयास यह रहता था कि हमें अपने लोगों को सुरक्षित करते हुए कार्रवाई को अंजाम देना है।

# योजना का लाभ उठाए हितग्राही : सीएमओ

**पीएम आवास योजना 2.0 के अंतर्गत शिविर का आयोजन आज**

**बिजुरी, नवभारत 20 अगस्त।** नगर पालिका परिषद बिजुरी द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के तहत पात्र हितग्राहियों के लिए विशेष शिविर का आयोजन 21 अगस्त मंगलवार को किया जा रहा है। यह शिविर सामुदायिक भवन सब्जी मंडी वार्ड क्रमांक 9 में सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होगा। इस योजना के अंतर्गत ईडब्ल्यूएस, एलआईजी एवं एमआईजी वर्ग के ऐसे परिवार, जिनके पास पहले से पक्का मकान नहीं है और जिनकी वार्षिक आय 9 लाख रुपये से अधिक नहीं है, लाभान्वित हो सकेंगे। योजना में पात्र हितग्राहियों को गृह निर्माण हेतु बैंक से लिए गए ऋण पर अधिकतम 1 लाख 80 हजार तक का ब्याज अनुदान सीधे बैंक के माध्यम से प्रदान किया जाएगा। यह सुविधा



उन परिवारों को दी जाएगी, जिन्होंने 1 सितम्बर 2024 के उपरांत गृह निर्माण हेतु बैंक से ऋण लिया है अथवा नवीन गृह निर्माण कार्य प्रारंभ किया है।

### वेब पोर्टल के माध्यम से किए जाएंगे आवेदन

नगर पालिका परिषद बिजुरी ने सभी पात्र परिवारों से अपील की है कि वे इस योजना के लाभ हेतु शिविर में अवश्य उपस्थित होकर आवेदन प्रक्रिया पूर्ण करें तथा प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ प्राप्त करें। नगर पालिका परिषद बिजुरी ने बताया कि योजना की संपूर्ण जानकारी और पात्र हितग्राहियों का वेब पोर्टल के माध्यम से आवेदन शिविर स्थल पर कराया जाएगा। शिविर प्रात: 11 बजे से सायं 5 बजे तक लगाया जाएगा।

# कलेक्टर पंचोली कांस्य पदक से सम्मानित

**अनूपपुर, नवभारत 20 अगस्त।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में बुधवार को भोपाल स्थित कुशाभाउ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में सम्पूर्णता अभियान सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अनूपपुर जिले के कलेक्टर को कांस्य पदक से सम्मानित किया गया।

यह सम्मान कार्यक्रम में उपस्थित जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा को मुख्यमंत्री द्वारा प्रदाय किया गया। उल्लेखनीय है कि आकांक्षी ब्लॉक पुष्पराजगढ़ में आकांक्षी जिला विकास कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास-पोषण, कृषि एवं मृदा स्वास्थ्य के विभिन्न कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित किया गया। लक्ष्यों की शत-प्रतिशत पूर्ति पर यह उपलब्धि हासिल हुई।



### संपूर्णता अभियान के सभी लक्ष्य पूरे किए

अभियान के तहत ब्लॉक में लक्षित जनसंख्या के विरुद्ध मधुमेह एवं उच्च रक्तचाप की जांच का प्रतिशत, आईसीडीएस कार्यक्रम अंतर्गत नियमित पूरक पोषण प्राप्त करने वाली गर्भवती महिलाओं का प्रतिशत तथा मृदा स्वास्थ्य कार्ड निर्माण का प्रतिशत 100 प्रतिशत दर्ज किया गया। कार्यक्रम में आकांक्षी ब्लॉक फैलो राजस्वनी शर्मा, प्रभारी उप संचालक कृषि निशा सिन्हा, खंड चिकित्सा अधिकारी पुष्पराजगढ़ डॉ. सुरेन्द्र सिंह तथा महिला एवं बाल विकास विभाग की सहायक संचालक मंजूषा शर्मा भी उपस्थित रहीं।

**श्रद्धासुमन अर्पित** | **भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती पर जिला कांग्रेस सेवादल की बैठक आयोजित, अधूरे सपनों को पूरा करने का लिया**

# राजीव गांधी को कंप्यूटर क्रांति का जनक माना जाता है : प्रीति सिंह

**अनूपपुर, नवभारत 20 अगस्त।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. राजीव गांधी की जयंती के अवसर पर जिला कांग्रेस सेवादल की बैठक सोमवार को जिला कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत सर्वधर्म प्रार्थना सभा एवं राजीव गांधी के छायाचित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर हुई।




बैठक में वक्ताओं ने राजीव गांधी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके अधूरे सपनों को पूरा करने का संकल्प लिया। साथ ही सेवा दल को मजबूत बनाने, नए पदाधिकारियों की नियुक्ति एवं आगामी माह में प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित करने पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रीति रमेश सिंह ने कहा कि राजीव गांधी को कंप्यूटर क्रांति का जनक माना जाता है। उन्होंने पंचायती राज व्यवस्था को लागू कर लोकतंत्र को मजबूती दी तथा 21वीं सदी में भारत को आर्थिक रूप से सशक्त राष्ट्र बनाने की नींव रखी।

### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम को जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष नारायण सिंह मुन्ना, पिछड़ा वर्ग अध्यक्ष रजन राठौर, महामंत्री बाबा खान, प्रदीप मिश्रा, मीडिया प्रभारी विवेक यादव सहित अनेक पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने संबोधित किया। इस अवसर पर सत्येंद्र दुबे, आशीष त्रिपाठी, वासुदेव चटर्जी, दीपक शुक्ला, राजेश महरा, रामदास विश्वकर्मा, डॉ. रवि प्रकाश सहित बड़ी संख्या में सेवादल पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल हुए। संचालन प्रदेश प्रशिक्षक डॉ. एहसान अली अंसारी ने किया। बैठक का शुभारंभ वंदे मातरम तथा समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

### राष्ट्र निर्माण की शपथ दिलाई गई

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष रमेश सिंह ने की। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी का सपना था कि भारत आर्थिक रूप से समृद्ध एवं तकनीकी रूप से सशक्त बने। इस अवसर पर सेवा दल कार्यकर्ताओं को राष्ट्र निर्माण में सहभागी बनने और राजनीतिक-सामाजिक उत्तरदायित्व निभाने की शपथ भी दिलाई गई। पुष्पराजगढ़ विधायक फुन्देलाल सिंह मार्को ने भोपाल प्रवास के कारण वर्चुअल माध्यम से सभा को संबोधित कर श्रद्धांजलि अर्पित की।